वार्षिक प्रतिवेदन
2019-20

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
कृषि अनुसंधान भवन-I, पूसा, नई दिल्ली-110012

ISSN 2454-6666

वार्षिक प्रतिवेदन
2019-20

अप्रैल 1, 2019 से मार्च 31, 2020

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
कृषि अनुसंधान भवन 1, पूसा, नई दिल्ली 110 012

मुद्रण	:	2020
मुख्य संरक्षक	:	प्रो. (डॉ.) ए. के. मिश्रा अध्यक्ष
संरक्षक	:	प्रो. (डॉ.) ए. के. श्रीवास्तव सदस्य
		डॉ. पी. के. चक्रबर्ती सदस्य
		डॉ. के. के. सिंह सदस्य
		श्री विवेक अग्रवाल सचिव
संपादक	:	श्री जे. रवि निदेशक
		डॉ. सुरेश पाल मुख्य तकनीकी अधिकारी
सहायता	:	श्री खूबराम श्रीमती निकिता मौर्या

अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, कृषि अनुसंधान भवन 1, पूसा, नई दिल्ली 110012, दूरभाष संख्याः 011–25840251, 25848172, फैक्सः 011–25846311 द्वारा प्रकाशित व मैसर्स रॉयल ऑफसेट प्रिन्टर्स, ए–89/1, नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया, फेस 1, नई दिल्ली 110028 के द्वारा लेजरटाइपसेट एवं मुद्रण।

प्रस्तावना

वर्ष 01 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 की अवधि के लिए कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की इस वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत करना वास्तव में मेरा गौरवपूर्ण सौभाग्य है। इस रपोर्ट में मंडल की प्रमुख गतिविधियों और इस दौरान प्राप्त उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत है।

सदस्य (पीएसजी) और सदस्य (एनआरएम) द्वारा 16 अप्रैल, 2019 को मंडल में कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही, कृ.वै.च.मं. के पुनर्गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई। हालांकि, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, सरकार के संलग्न कार्यालय के रूप में कृ.वै.च.मं. की स्थिति की पुष्टि 27.09.2019 की अधिसूचना द्वारा हो गई थी।

कृषि अनुसंधान सेवा (मुख्य) परीक्षा – 2017 (24 जून, 2018 को आयोजित) के लिए साक्षात्कार (मौखिक परीक्षा) 22 मई से 25 जून, 2019 के दौरान आयोजित किया गया था। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की कृषि अनुसंधान सेवा में नियुक्ति के लिए 29 विषयों के अंतर्गत कुल 181 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है।

मंडल की फ्लैगशिप राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा – 2019, का आयोजन 9 जनवरी, 2020 से 11 जनवरी, 2020 के दौरान 57 अनुमोदित विषयों में की गई थी। कुल 4,271 उम्मीदवार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा प्रमाणपत्र पहले मुद्रित रूप में जारी किए जा रहे थे, अब मंडल ने नेट प्रमाणपत्रों के डिजिटलीकरण की पहल की है। तदनुसार, अब राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा – 2018 (II) से प्रमाण पत्र, भारत सरकार एमईआईटीवाई के डिजीलौकर ऐप के माध्यम से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

वर्ष के दौरान, 72 वैज्ञानिक प्रबंधन पदों को भरने के लिए सीधी भर्ती की लंबे समय से लंबित प्रक्रिया को प्रारम्भ किया गया। अनुसंधान एवं प्रबंधन पदों के चयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया को लागू किया गया था तथा इसे और अधिक उद्देश्यपूर्ण और पारदर्शी बनाने के लिए मौजूदा स्कोर कार्ड में बदलाव किया गया। आठ राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक और भा.कृ.अनु.प. के उपमहानिदेशक सहित कुल 17 वरिष्ठ अनुसंधान प्रबंधन पदों को भरने के लिए संस्तुतियां की गई थीं। नौ अन्य पदों के लिए आवेदनों की जांच पूरी करने के बाद, कोविड–19 महामारी के कारण आगे का काम स्थगित कर दिया गया।

कृषि अनुसंधान सेवा वैज्ञानिकों के लिए कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के समयबद्ध कार्यान्वयन के एक भाग के रूप में, वरिष्ठ वैज्ञानिकों से प्रधान वैज्ञानिक के रूप में पदोन्नति के लिए 14 विषय क्षेत्रों के 21 प्रस्तावों पर कार्रवाई की गई।

कृ.वै.च.मं के लिए एक अलग इमारत के लंबे समय से लंबित मुद्दे को शुरू किया गया और इस भवन का शिलान्यास माननीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री द्वारा 4 नवंबर, 2019 को किया गया था।

माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी, केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री; केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री, श्री परषोत्तम रूपाला जी और श्री कैलाश चौधरी जी की दूरदृष्टि, मार्गदर्शन, निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिए उनके प्रति आभारी हूं। मंडल के सभी प्रयासों में डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग और महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भा.कृ.अनु.प.); श्री सुशील कुमार, तत्कालीन अपर सचिव (डेयर) और सचिव, (भा.कृ.अनु.प.), श्री संजय सिंह, अपर सचिव (डेयर) और सचिव, भा.कृ.अनु.प. और श्री बिम्बाधर प्रधान, विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार (डेयर/भा.कृ.अनु.प.) के अपार समर्थन के लिए मंडल उनके प्रति आभार व्यक्त करता है।

उपरोक्त गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने में मंडल में मेरे सहयोगी प्रोफेसर (डॉ.) ए. के. श्रीवास्तव, डॉ. पी. के. चक्रबर्ती, डॉ. के. के. सिंह, मंडल के पूर्व सचिव श्री अभिषेक सिंह, श्री विवेक अग्रवाल, श्री जे. रवि तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण के योगदान एवं समर्थन के लिए उनको हृदयपूर्वक धन्यवाद देता हूं।

अंततः इस रिपोर्ट को समय पर प्रकाशित करने में डॉ. एस. के. सिंह, निदेशक, कृषि ज्ञान प्रबंध निदेशालय (डी.के.एम.ए.), आई.सी.ए.आर. और श्री पुनीत भसीन, प्रभारी, उत्पादन एकक, डी.के.एम.ए. के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं।

(ए. के. मिश्रा)
अध्यक्ष, कृ.वै.च.मंडल

विषय सूची

	प्रस्तावना	*iii*
	कार्यकारी सारांश	*vii*
1.	भूमिका	1
2.	राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)	6
3.	परीक्षाओं के माध्यम से नियुक्तियां	8
4.	सीधी भर्ती	10
5.	अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों की नियुक्तियां	12
6.	वैज्ञानिकों का मूल्यांकनः कैरियर एडवांसमेंट स्कीम	13
7.	सुधार	14
8.	सूचना का अधिकार अधिनियम–2005	15
9.	राजभाषा हिन्दी की प्रगति	17
10.	महिला सशक्तिकरण	21
11.	विविध	22
12.	सम्मान/पुरस्कार एवं मान्यता	23

परिशिष्ट

I.	वर्ष 2019–20 के दौरान कृ.वै.च.मं. की प्राप्तियां एवं व्यय	25
II.	पिछले पांच वर्षों में मंडल के कार्यभार का तुलनात्मक विवरण	26
III.	नेट 2019 में विषयवस्तुवार अर्हताप्राप्त उम्मीदवारों का विवरण	27
IV.	सीधी भर्ती 2019–20	29
V.	संस्थानों की सूची जिनमें वर्ष 2019–20 के दौरान कृ.वै.च.मं. द्वारा नियमानुसार तकनीकी पदों के लिए विभागीय पदोन्नति समितियों का गठन	31
VI.	संस्थानों की सूची जिनमें वर्ष 2019–20 के दौरान कृ.वै.च.मं. द्वारा कृषि अनुसंधान सेवा वैज्ञानिकों के कैरियर एडवांसमेंट के लिए विभागीय पदोन्नति समितियों का गठन	33
VII.	वर्ष 2019–20 के दौरान मंडल में स्वीकृत पदों की संख्या	35
VIII.	कार्मिक (नियुक्तियां, पदोन्नतियां, स्थानांतरण, सेवानिवृतियां इत्यादि)	36
IX.	मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची (31.03.2020)	39

कार्यकारी सारांश

यह रिपोर्ट, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के उन कार्यक्रमों और गतिविधियों का एक विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करती है, जिन्हें मंडल द्वारा अपनी प्रतिभा खोज, मूल्यांकन और वैज्ञानिक कैडर से संबंधित नीति निर्माण के लिए आवश्यक इनपुट के संदर्भ में किया गया है।

इस वार्षिक रिपोर्ट 2019–20 की अवधि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है चूंकि 16 अप्रैल, 2019 को सदस्य (पीएसजी) और सदस्य (एनआरएम) मंडल में शामिल होने के साथ ही, मंडल के पुनर्गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई और मंडल को भारत सरकार की अधिसूचना 27.09.2019 के द्वारा कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग के संलग्न कार्यालय के रूप में घोषित किया गया था।

इस अवधि के दौरान बोर्ड ने अनुसंधान प्रबंधन पदों के चयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया, इसे और अधिक उद्देश्यपूर्ण और पारदर्शी बनाने के लिए मौजूदा स्कोर कार्ड में बदलाव किया और 72 अनुसंधान प्रबंधन पदों को विज्ञापित किया। इनमें से 17 वरिष्ठ पदों को भरा जा चुका है। 9 और पदों के लिए आवेदनों की स्क्रीनिंग पूरी होने के बाद, कोविड–19 महामारी और लॉकडाउन के कारण आगे का काम स्थागित किया गया था।

वर्ष के दौरान राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–2019 का आयोजन 57 विषयवस्तु क्षेत्रों में 09 से 11 जनवरी, 2020 के दौरान देशभर के 31 केंद्रों में ऑनलाइन मोड में की गई थी। परीक्षा हेतु कुल 46,353 उम्मीदवारों ने पंजीकरण किया और वास्तविक रूप से 33,417 उम्मीदवार परीक्षा में उपस्थित हुए थे। कुल 4271 उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

उत्तीर्ण उम्मीदवारों में सबसे कम प्रतिशत जलजीव पालन (0.44%) विषयवस्तु में था और उच्चतम प्रतिशत पशुशरीर रचना विज्ञान (60%) विषयवस्तु में था, इसके बाद का स्थान क्रमशः कुक्कुट पालन विज्ञान (52.73%), मत्स्य अनुवांशिकी एवं प्रजनन (50%), पशुचिकित्सा परजीवी विज्ञान (40.85%), भूमि और जल प्रबंधन अभियांत्रिकी (39.75%), पशुधन उत्पादन प्रबंधन (39.65%), मसाला रोपण तथा औषधीय व सुगंधीय पौधे (39.22%), फल विज्ञान (37.70%), मत्स्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी (37.64%) और बीज विज्ञान और प्रौद्योगिकी (33.17%) का रहा है। दस विषयों यानी कृषि जैव प्रौद्योगिकी, पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी, अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन, कंप्यूटर अनुप्रयोग और आईटी, कृषि अर्थशास्त्र, कृषि विस्तार, पादप शरीरक्रिया विज्ञान, जैव सूचना विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी और आर्थिक वनस्पति विज्ञान और पादप अनुवांशिक संसाधन में सफलता दर 5% से भी कम था और तीन विषयों यानी पादप जैवरसायन शास्त्र, पर्यावरण विज्ञान और कृषि व्यापार प्रबंधन विषयवस्तु क्षेत्र से कोई भी उम्मीदवार उत्तीर्ण नहीं हुआ है। व्यापार और पारदर्शिता में सरलता के लिए, नेट परीक्षा–2018 (II) एवं आगे के प्रमाणपत्र, भारत सरकार के एमईआईटीवाई डिजीलौकर पर उपलब्ध कराए गए है।

24 जून, 2018 को आयोजित कृषि अनुसंधान सेवा (मुख्य) परीक्षा–2017 के परिणामों के आधार पर 22 मई, 2019 से 25 जून, 2019 तक आयोजित मौखिक साक्षात्कार के बाद भा.कृ.अनु.प. की कृषि अनुसंधान सेवा (एआरएस) के वैज्ञानिकों (प्रवेश स्तर) के रूप में नियुक्ति हेतु 29 विषयवस्तु क्षेत्रों में कुल 181 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है।

इस अवधि के दौरान कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत प्रधान वैज्ञानिकों के रूप में नियुक्ति के लिए 14 विषयवस्तु क्षेत्र के 21 प्रस्तावों का मूल्यांकन किया गया था।

किसी भी संगठन के कार्यों में पारदर्शिता वास्तव में इसकी पहचान होती है। यह विशेष रूप से कृ.वै.च.मं. की तरह एक राष्ट्रीय स्तर की स्वतंत्र भर्ती निकाय पर लागू होता है। चाहे वह उम्मीदवारों के वर्क प्रोफाइल या साक्षात्कार या परीक्षा प्रक्रियाओं की स्क्रीनिंग हो या सलाहकारों/परीक्षार्थियों/पेपर सेटर/मूल्यांकनकर्ताओं आदि की सूची हो, बोर्ड के पास सभी स्तरों पर पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इसकी नियमित आंतरिक जांच और निष्पक्षता जॉच मौजूद है।

समग्र पारदर्शिता बनाए रखने के लिए, बोर्ड ने केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सभी सूचनाओं के संबंध में एक अनुकरणीय और त्वरित रिकॉर्ड स्थापित किया है। चाहे वह आरटीआई मामलों/शिकायतों के संबंध में हो या विभिन्न अदालतों के समक्ष मंडल से जुड़े कानूनी मामलों में, ऐसा कोई अवसर नहीं था जिसमें बोर्ड के निर्णयों के संबंध में कोई सख्त या प्रतिकूल टिप्पणी, निष्कर्ष या अवलोकन किए गए हों।

इसी प्रकार, मंडल में इस अवधि के दौरान भारत की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में एक अनुकरणीय रिकॉर्ड स्थापित किया। राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने हेतु उम्मीदवारों को साक्षात्कारों के दौरान हिन्दी विकल्प सहित सभी संभव सहायता और सुविधाएं प्रदान की गईं। विशेषज्ञ/सलाहकार/पेपर सेटर/मूल्यांकनकर्ता सहित अधिकारियों और कर्मचारियों और अतिथियों की सुविधा के लिए मंडल के पुस्तकालय में हिंदी में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित अधिकतम संख्या में पुस्तकों के रखरखाव के विशेष प्रयास किए गए हैं। इस अवधि

प्रो. (डॉ.) ए. के. मिश्रा, अध्यक्ष एवं सचिव, कृ.वै.च.मं., श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं पंचायती राज मंत्री, माननीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, श्री परषोत्तम रूपाला एवं श्री कैलाश चौधरी को वार्षिक प्रतिवेदन 2018–19 प्रस्तुत करते हुए।

के दौरान नियमित रूप से ऑनलाइन इनपुट और नियमित डिजिटलीकरण के माध्यम से प्रत्येक विषयक्षेत्र के प्रश्न बैंक और सलाहकार/विशेषज्ञ डेटाबेस को अपडेट, अपस्केल और विस्तारित करने हेतु विशेष अभियान चलाए गए।

रिपोर्ट के अवधि के दौरान, परीक्षा/आवेदन शुल्क द्वारा कृ.वै.च.मं. का राजस्व वसूली 204.53 लाख थी और यह मंडल में कार्य की मात्रा का संकेत है, वह भी गंभीर नियमित श्रमशक्ति की कमी के दौरान। चूंकि मुख्य भर्ती से संबंधित कार्य, उनके महत्वपूर्ण जवाबदेही पहलुओं के कारण संविदात्मक कर्मचारियों पर नहीं छोड़े जा सकते, इसलिए कृ.वै.च.मं. में पर्याप्त नियमित श्रमशक्ति प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता है।

एक स्वतंत्र कार्यालय भवन का अभाव कुशल कार्य निष्पादन में एक बाधा है। इसे संबोधित किया गया है और अब पूसा परिसर में 4 नवंबर, 2019 को माननीय केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी द्वारा नए कार्यालय भवन का शिलान्यास किया गया। आशा है कि बोर्ड 2021 की दूसरी छमाही में अपने स्वयं के कार्यालय भवन में स्थानांतरित हो जाएगा।

01

भूमिका

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के लिए एक स्वतंत्र चयन निकाय था जिसकी स्थापना भारत सरकार द्वारा 1973 में की गई थी। अगस्त 2018 से, कृ.वै.च.मं. को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के एक अधीनस्थ कार्यालय के रूप में मान्यता दी गई है।

अपने अधिदेश के अनुसार कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल भा.कृ.अ.प. मुख्यालय तथा देशभर में मौजूद इसके अनुसंधान संस्थानों के लिए सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाले वैज्ञानिकों तथा अन्य प्रबंधन वैज्ञानिकों की भर्ती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अतिरिक्त मंडल कृषि अनुसंधान सेवा वैज्ञानिकों के लिए वृत्ति प्रगत योजनाओं सहित मानव संसाधन विकास से संबंधित नीतियों को विकसित करने व उन्हें लागू करने में परिषद को सहायता एवं परामर्श प्रदान करता है। लगभग 46 वर्ष से अधिक समय पूर्व के अपने स्थापना काल से कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा प्रणाली (एनएआरईएस) की उभरती हुई तथा विद्यमान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिभा–खोज कार्यनीतियों को सुधारने तथा परिशोधित करने की दिशा में प्रयासरत है।

अधिदेश

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का अधिदेश भा.कृ.अनु.प. तथा देशभर में मौजूद इसके संस्थानों में विभिन्न पदों के लिए सर्वश्रेष्ठ मानव संसाधन उपलब्ध कराना है। मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार आरंभ में मंडल को निम्नलिखित उत्तरदायित्व सौंपे गए थे :

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में कृषि अनुसंधान सेवा (एआरएस) के विभिन्न पदों तथा समय–समय पर अध्यक्ष, भा.कृ.अ.प. द्वारा विशिष्टीकृत पदों एवं सेवाओं पर नियुक्ति करना।
- अध्यक्ष, भा.कृ.अ.प. द्वारा अपेक्षित पदोन्नतियों सहित कार्मिक मामलों में परिषद को सहायता प्रदान करना।
- कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के माध्यम से भर्ती किए गए और मंडल के परामर्श से परिषद द्वारा नियुक्त कार्मिकों के अनुशासन संबंधित मामलों में परिषद को परामर्श देना।

उपरोक्त के परिणामस्वरूप एआरएस के अखिल भारतीय सेवा के रूप में सृजित होने के पश्चात् मंडल को निम्नलिखित उत्तरदायित्व और सौंपे गए :

- अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से कृषि अनुसंधान सेवा के वैज्ञानिकों की प्रवेश स्तर पर भर्ती करना।
- भा.कृ.अ.प. के विद्यमान वैज्ञानिकों को कृषि अनुसंधान सेवा के आरंभिक गठन के पश्चात् कृषि अनुसंधान सेवा में समावेशन करना।
- मेरिट प्रमोशन तथा कृषि अनुसंधान सेवा के अन्य वैज्ञानिकों को अग्रिम वेतनवृद्धि दिए जाने के लिए उनका मूल्यांकन करना।

इसके अतिरिक्त कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल को अन्य तकनीकी सेवा संबंधी पदों और इसके साथ–साथ प्रशासनिक एवं लेखा प्रबंध संबंधी पदों जैसे प्रशासनिक अधिकारियों/वित्त एवं लेखा अधिकारियों, सहायक निदेशक (राजभाषा) की भर्ती का कार्य भी सौंपा गया है।

मंडल 57 अनुमोदित विषयों में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा सम्पन्न कराता है जिसे उत्तीर्ण करना राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू) में सहायक प्रोफेसर/व्याख्याता के रूप में आरंभिक नियुक्ति की पूर्व अपेक्षित अर्हता है।

संगठन

मंडल में अध्यक्ष तथा तीन सदस्य हैं जिन्हें संयुक्त सचिव स्तर के सचिव द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। अपने उत्तरदायित्वों का प्रभावी रूप से निर्वाह करने के लिए मंडल में एक परीक्षा नियंत्रक, पांच उप–सचिव/उपनिदेशक वित्त और इसके साथ–साथ वित्तीय, प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्मिकों की सहायता भी उपलब्ध है।

पुनर्गठित कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का संगठनात्मक ढांचा



31 मार्च 2020 को मंडल के अधिकारियों तथा कार्मिकों की कुल स्वीकृत संख्या 84 थी (परिशिष्ट VII)। इस संख्या के होते हुए भी केवल 39 नियमित कर्मचारी तैनात थे। 01 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 की अवधि के दौरान अपने पदों पर तैनात मंडल के अधिकारियों तथा कार्मिकों की सूची परिशिष्ट–IX में दी गई है।

व्यय

01 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 की अवधि के दौरान मंडल द्वारा 1159.21 लाख रुपये की राशि व्यय की गई। विवरण परिशिष्ट–I में दिया गया है।

गतिविधियां

अधिदेशित कार्यों को सम्पन्न करने के लिए मंडल द्वारा अनेक गतिविधियां चलाई गई। इन गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा तथा पिछले पांच वर्षों के दौरान पूरी की गई गतिविधियों का विवरण परिशिष्ट–II में दिया गया है।

वर्ष 2019-20 के दौरान सम्पन्न गतिविधियों का सारांश

	गतिविधियां	संख्या
I.	**साक्षात्कार के माध्यम से नियुक्ति (सीधी भर्ती)**	
	◆ वे पद जिन पर भर्ती पिछले वर्षों से लंबित थी	50
	◆ वे पद जिनके लिए वर्तमान वर्ष के दौरान मांग प्राप्त हुई थी	72
	◆ भा.कृ.अ.प. द्वारा वापस लिए गए पद	50
	◆ विज्ञापित पदों की संख्या	72
	◆ वे पद जिन पर भर्ती का कार्य पूरा हो चुका है	17
	◆ विभिन्न पदों के लिए प्राप्त आवेदन	392
	◆ साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवार	162
	◆ वे उम्मीदवार जिनका साक्षात्कार लिया गया	144

	गतिविधियां	संख्या
	◆ नियुक्ति के लिए अनुशंसित उम्मीदवार	17
	◆ वे मामले जहां कोई भी उम्मीदवार नियुक्ति के योग्य नहीं पाया गया	0
	◆ वे मामले जिनमें कोई भी उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए उपस्थित नहीं था।	0
	◆ वर्ष के दौरान विज्ञापित विभिन्न पदों के लिए छांटे गए आवेदन	26
	◆ वे पद जिन पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है	09
II.	**परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति**	
(i)	**प्रवेश स्तर के वैज्ञानिकों के लिए आयोजित एआरएस परीक्षा–2017**	
	◆ वे उम्मीदवार जिनका साक्षात्कार लिया गया	657
	◆ नियुक्ति के लिए अनुशंसित उम्मीदवार	181
(ii)	**नेट प्रमाण पत्र के लिए आयोजित नेट परीक्षा–2019**	
	◆ नेट के लिए पंजीकृत आवेदकों की संख्या	46,353
	◆ नेट परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों की संख्या	33,417
	◆ नेट प्रमाण–पत्र के लिए उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या	4,271
III.	**मूल्यांकन तथा मूल्यांकन की समीक्षा**	
	मूल्यांकन	
	◆ संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत प्रधान वैज्ञानिक ग्रेड के लिए वरिष्ठ वैज्ञानिकों का मूल्यांकन	21
	◆ कृषि अनुसंधान सेवा में समावेशन	1

महत्वपूर्ण कार्यक्रम

कृ.वै.च.मं. के नए भवन निर्माण का शिलान्यास

माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और पंचायती राज मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने 4 नवंबर, 2019 को नई दिल्ली के पूसा परिसर में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (कृ.वै.च.मं.) के नए कार्यालय भवन का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने उच्च क्षमता वाले वैज्ञानिक और तकनीकी कार्मिक प्रदान करने में कृ.वै.च.मं. की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की जिसने कृषि क्षेत्र की उत्पादकता और उत्पादन को कई गुना बढ़ा दिया और देश को खाद्य–सुरक्षित बनाने के साथ ही बड़े पैमाने पर कृषि उत्पादों के निर्यात में सक्षम बनाया।

शिलान्यास समारोह

समारोह का दीप प्रज्जवलित करते हुए माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण

माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि "नए पुनर्गठित कृ.वै.च.मं. से चयन, मूल्यांकन और कैरियर एडवांसमेंट स्कीम की पारदर्शी और सुव्यवस्थित प्रक्रिया के माध्यम से सक्षम, कुशल और योग्य कृषि वैज्ञानिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में एक बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है।''

मंच पर मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं अन्य महानुभाव

माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री का पुष्प गुच्छ से स्वागत

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री का सम्बोधन

डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक भा.कृ.अनु.प. का सम्बोधन

प्रो. (डॉ.) ए. के. मिश्रा, अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं. का सम्बोधन

श्री विवेक अग्रवाल, सचिव, कृ.वै.च.मं. का सम्बोधन

स्वच्छता ही सेवा

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के समारोह को यादगार बनाने के लिए, देश ने ''स्वच्छ पखवाड़ा'', ''फिट इंडिया मूवमेंट'' और ''एकल उपयोग प्लास्टिक का कोई उपयोग नहीं'', ''स्वच्छता ही सेवा'' नामक अभियान, आदि जैसे कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला का आयोजन किया। इन समारोहों के अनुरूप, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने भी पूरे जोश के साथ इस समारोह को मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

इस वर्ष के दौरान कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल द्वारा कृषि अनुसंधान भवन–1 में 11 सितम्बर 2019 से 27 अक्तूबर 2019 तक 'स्वच्छता ही सेवा' सप्ताह मनाया गया। सभी कर्मचारियों ने 'स्वच्छता' की शपथ ली। इसके पश्चात् 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के एक अंग के रूप में संविदा कार्मिकों सहित कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने कृषि

अनुसंधान भवन–1 के चारों ओर सफाई की। सभी अधिकारी/कर्मचारी स्वच्छता को अपनाते रहे हैं तथा पूरे वर्षभर कार्यालय परिसर में स्वच्छ तथा साफ वातावरण सुनिश्चित करते आ रहे हैं।

राष्ट्रीय एकता दिवस

राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती का स्मरोणत्सव है। वर्ष 2019 में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 144वीं जयंती मनाई गई। उन्होंने भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे भारत के लौह पुरूष के रूप में भी प्रसिद्ध है और भारत गणराज्य का निर्माण करने वाले नेताओं में से एक हैं।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के स्मरोणत्सव के उपलक्ष में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने 31 अक्तूबर 2019 को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' शपथ ली।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुपालन में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में 28 अक्तूबर–02 नवम्बर 2019 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह अति उत्साह एवं सक्रिय भागीदारी के साथ आयोजित किया गया।

सप्ताह का आरंभ कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) ए. के. मिश्रा द्वारा कृ.वै.च.मं. के सभी कार्मिकों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाने के साथ हुआ।

राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)

राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) 2019

वर्ष के दौरान भा.कृ.अनु.प. – राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) –2019 का आयोजन देशभर में फैले 31 परीक्षा केन्द्रों में कुल 57 विषयों में ऑन लाइन मोड में 9 जनवरी, 2020 से 11 जनवरी, 2020 तक की गई। नेट परीक्षा राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू) तथा कृषि संकाय वाले अन्य सामान्य विश्वविद्यालयों में व्याख्याताओं/सहायक प्रोफेसर के पद पर भर्ती के लिए पात्रता निर्धारित करने की एक पूर्व अर्हता है। परीक्षा हेतु कुल 46,353 उम्मीदवार पंजीकृत हुए थे और वास्तविक तौर पर परीक्षा में 33,417 उम्मीदवार उपस्थित हुए। कुल 4271 (12.17%) उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

उत्तीर्ण उम्मीदवारों का न्यूनतम प्रतिशत (0.44%) जलजीव पालन विषय में था और परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों का सर्वोच्च प्रतिशत पशुचिकित्सा शरीर–रचना विज्ञान (60%) विषय में था जिसके पश्चात् क्रमशः कुक्कुट विज्ञान (52.73%), मत्स्य आनुवंशिकी एवं प्रजनन (50%), पशु चिकित्सा परजीवी विज्ञान (40.85%), भूमि एवं जल प्रबंधन अभियांत्रिकी (39.75%), पशुधन उत्पादन प्रबंधन (39.65%), मसाला, रोपण और औषधीय एवं सुगंधीय पादप (39.22%), फल विज्ञान (37.70%), मत्स्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी (37.64%) तथा बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (33.17%) का स्थान था। दस विषयों, नामतः कृषि जैवप्रौद्योगिकी, पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन, कम्प्यूटर एप्लिकेशन एवं आईटी, कृषि आर्थिकी, कृषि विस्तार, पादप शरीर क्रिया विज्ञान, जैवसूचना विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी और आर्थिक वनस्पति एवं पादप आनुवंशिक संसाधन में सफलता की दर 5% से कम थी और तीन विषयों, नामतः पादप जैवरसायनिकी, पर्यावरण विज्ञान और कृषि व्यापार प्रबंधन में कोई उम्मीदवार उत्तीर्ण नहीं हुआ।

आंकड़ों के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ है कि परीक्षा में 4271 उत्तीर्ण उम्मीदवारों में से 1068 (25%) उम्मीदवार शीर्ष दस राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (तमिल नाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयमबटूर; इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर; कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बैंगलोर; चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार; उड़ीसा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर; गोविंद वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर; केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिचूर; बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय, नाडिया; नवसारी कृषि विश्वविद्यालय, नवसारी और कृषि एवं बागवानी विश्वविद्यालय, बागलकोट) से हैं और 1723 (41%) उम्मीदवार अन्य राज्य कृषि विश्वविद्यालयों से, 999 (23%) उम्मीदवार कृषि संकाय वाले सामान्य विश्वविद्यालयों से, 376 (9%) उम्मीदवार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के मानद विश्वविद्यालयों (भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली; राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल, भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान और केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुम्बई) तथा 105 (2%) उम्मीदवार केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालयों से हैं।

भा.कृ.अनु.प. राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–2019 का विवरण



राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–2019 में शीर्ष दस राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के सफल उम्मीदवारों का विवरण



नेट परीक्षा–2019 में भा.कृ.अनु.प.–मानद विश्वविद्यालयों का निष्पादन

परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 4271 उम्मीदवारों में से लगभग 67% सफल उम्मीदवार दस राज्यों (कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, गुजरात, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और ओडिशा) से थे।



उम्मीदवारों का संगठनवार प्रदर्शन



नेट परीक्षा–2019 में राज्यवार प्रदर्शन



नेट परीक्षा 2019 में सफल प्रत्याशियों का लिंगवार विवरण

03 परीक्षा के माध्यम से नियुक्तियां

कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा (एआरएस)

मंडल द्वारा 24 जून, 2018 को आयोजित कृषि अनुसंधान सेवा (मुख्य) परीक्षा–2017 और उसके बाद 22 मई, 2019 से 25 जून, 2019 तक आयोजित साक्षात्कार के परिणामों के आधार पर 29 विषयों में कुल 181 उम्मीदवारों की भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत प्रवेश स्तर के वैज्ञानिक पद पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई है।

आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि 181 अनुशंसित उम्मीदवारों में से 46 उम्मीदवार दस राज्य विश्वविद्यालयों (गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर; कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बैगलुरु; कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़; तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयमबटूर; आचार्य एन.जी. रंगा कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद; कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, रायचूर; चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार; पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना; महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर; असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट) से; 23 उम्मीदवार शेष राज्य कृषि विश्वविद्यालयों से, 81 उम्मीदवार भा.कृ.अनु.प. के चार मानद विश्वविद्यालयों, अर्थात भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली (58); केन्द्रिय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई (04); भारतीय पुश चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर (08); राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल (11) और 31 उम्मीदवार कृषि संकाय युक्त सामान्य विश्वविद्यालयों से थे।



कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ दस कृषि विश्वविद्यालयों का प्रदर्शन



कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा में भा.कृ.अनु.प के मानद विश्वविद्यालयों का प्रदर्शन

कृषि अनुसंधान सेवा के साक्षात्कार का दृश्य



कृषि अनुसंधान सेवा में संगठनवार विवरण



कृषि अनुसंधान सेवा में सफल प्रत्याशियों का राज्यवार विवरण

181 अनुशंसित उम्मीदवारों में से लगभग 79.56 प्रतिशत सफल उम्मीदवार दस राज्यों (राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, हरियाणा, उड़ीसा और तेलंगाना) से थे। कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा में चयनित 181 उम्मीदवारों में से 43 प्रतिशत महिला उम्मीदवार थीं।

सीधी भर्ती

सीधी भर्ती/पार्श्व प्रवेश

रिपोर्ट अवधि के दौरान मंडल द्वारा 72 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन दिया गया। इनमें तीन उपमहानिदेशक, पांच राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक, दस सहायक महानिदेशक, चालीस निदेशक, ग्यारह राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक तथा तीन परियोजना निदेशकों के पद शामिल थे। वर्ष 2019–20 के दौरान विज्ञापित विभिन्न वैज्ञानिक पदों का पदवार विवरण नीचे दिया गया है

मंडल ने 17 पदों (परिशिष्ट IV) की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली है जिसमें तीन उपमहानिदेशक, पांच राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक, पांच सहायक महानिदेशक और शेष अन्य भा.कृ.अनु.प. संस्थानों के निदेशक शामिल हैं।



इस अवधि के दौरान पूर्ण की गई सीधी भर्ती प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण

पद	पदों की संख्या	आवेदित उम्मीदवार	बुलाए गए उम्मीदवार	उपस्थित उम्मीदवार	सिफारिश किए गए उम्मीदवार	कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं
उप महानिदेशक	3	78	30	28	3	0
राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक	5	122	47	43	5	0
सहायक महानिदेशक	5	99	46	36	5	0
भा.कृ.अनु.प. के अन्य संस्थानों के निदेशक	4	93	39	37	4	0
कुल	**17**	**392**	**162**	**144**	**17**	**0**

साक्षात्कार के दृश्य

मंडल ने कुल मिलाकर, तीन सौ बयानवे आवेदनों की जांच की और साक्षात्कार के लिए 162 उम्मीदवारों को आमंत्रित किया। कुल 144 उम्मीदवारों ने साक्षात्कार हेतु उपस्थिति दर्ज की। बोर्ड प्रत्येक पद के लिए प्रथम दस रैंकिंग उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेता है। लेकिन इस वर्ष के दौरान औसतन प्रत्येक पद के लिए 8.47 उम्मीदवार थे। अनुसंधान प्रबंधन पदों के 9 पदों के लिए 203 आवेदनों की स्क्रीनिंग पूरी हो गई थी, कोविड–19 महामारी और बाद में पूर्ण लॉकडाउन के कारण प्रक्रिया को पहले ही स्थगित कर दिया गया था।

05

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडें वर्ग व दिव्यांग उम्मीदवारों की श्रेणी के अंतर्गत आने वाले प्रत्याशियों की नियुक्ति

परीक्षा द्वारा नियुक्ति

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग व्यक्तियों तथा अन्य पिछड़ें वर्ग के अंतर्गत आने वाले प्रत्याशियों को भा.कृ.अ.प./भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार भर्ती के लिए अनुशंसित किया गया। इन विशेष श्रेणियों के अंतर्गत चुने गए प्रत्याशियों तथा प्रत्येक श्रेणी के लिए मौजूद रिक्तियों की संख्या का विवरण निम्नलिखित है :

एआरएस परीक्षा–2017 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित पदों का वर्गवार वितरण

श्रेणी	विज्ञापित पद	वास्तव में भरे गए	टिप्पणी
अनुसूचित जाति	23	22	योग्य प्रत्याशी उपलब्ध न होने के कारण
अनुसूचित जनजाति	21	16	
दिव्यांग	10	1	
अन्य पिछड़ा वर्ग	48	42	
कुल	**92**	**80**	

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग व्यक्तियों तथा अन्य पिछड़े वर्ग की श्रेणी के लिए उपलब्ध 92 रिक्तियों में से केवल 12 पद उचित व योग्य उम्मीदवार उपलब्ध न होने के कारण नहीं भरे जा सके।

06

वैज्ञानिकों का मूल्यांकनः कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस)

इस वर्ष के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न संस्थानों से संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत वरिष्ठ वैज्ञानिकों को प्रधान वैज्ञानिक ग्रेड पर पदोन्नति के लिए 14 विषयक्षेत्रों में केवल 21 प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसके लिए 20 दिसंबर, 2019 से 27 दिसम्बर 2019 तक साक्षात्कार लिए गए। मंडल की अनुशंसाएं परिषद को भेजी जा चुकी हैं।

मूल्यांकन प्रस्तावों का विवरण

क्र.सं.	विषय क्षेत्रों का नाम	साक्षात्कार दिनांक	साक्षात्कार लिए गए उम्मीदवार
1.	जैव रसायन विज्ञान (एएस)	20.12.2019	01
2.	गृह विज्ञान विस्तार	20.12.2019	01
3.	कृषि सूक्ष्मजैविकी	20.12.2019	03
4.	मृदा विज्ञान भूतत्व	23.12.2019	01
5.	पर्यावरण विज्ञान	23.12.2019	02
6.	आनुवंशिक एवं पादप प्रजनन	23.12.2019	01
7.	बीज प्रौद्योगिकी	23.12.2019	01
8.	भूगोल	24.12.2019	01
9.	पशुधन उत्पादन प्रबंधन	24.12.2019	03
10.	कृषि संरचना एवं प्रक्रिया अभियांत्रिकी	26.12.2019	02
11.	कृषि प्रसंस्करण अभियांत्रिकी	26.12.2019	01
12.	पशु पुनरूत्थान एंव मादा रोग विज्ञान	27.12.2019	02
13.	मत्स्य प्रसंस्करण तकनीकी	27.12.2019	01
14.	मात्स्यिकी संसाधन प्रबंधन	27.12.2019	01
	कुल		**21**

सुधार

डिजिटलीकरण

पहले मुद्रित रूप में जारी किए गए नेट प्रमाणपत्रों की आसान पुनर्प्राप्ति के लिए मंडल ने नेट परीक्षा 2018 (II) के नेट प्रमाणपत्रों के डिजिटलीकरण की पहल की है। अब, नेट परीक्षा 2018 से नेट प्रमाण पत्र, भारत सरकार के एमईआईटीवाई के डिजीलोकर (डीआईजीआईएलओसीकेईआर) ऐप के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है।

ऑनलाइन परीक्षाएं

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल धीरे–धीरे प्रगति करते हुए पारंपरिक कागज–कलम वाली परीक्षा से कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा की ओर अग्रसर हो गया है। वर्ष के दौरान मंडल ने एक राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–2019 का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। इस परीक्षा हेतु कुल 46,353 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था।

स्क्रीनिंग एवं साक्षात्कार

अब कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डिजिटल मोड पर पार्श्व प्रवेश/सीधे साक्षात्कार और वैज्ञानिकों के मूल्यांकन की स्क्रीनिंग और साक्षात्कार आयोजित करने की योजना बना रहा है।

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल से (नेट) 2018–I I एवं आगे के प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया प्रवाह

चरण 1
- गूगल ऐप स्टोर से डिजी लॉकर ऐप डाउनलोड करें

चरण 2
- अपना मोबाइल नंबर और ओटीपी साइन अप के लिए दें और यदि मौजूदा उपयोगकर्त्ता हैं, कृपया साइन इन करें

चरण 3
- जारी किए गए दस्तावेज़ अनुभाग को सक्षम करने के लिए अपने आधार नंबर पंजीकृत मोबाइल नंबर से ओ टी पी दें

08

सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 तथा केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) का कार्यान्वयन

सूचना का अधिकार अधिनियम-2005

भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल परीक्षाओं, नियुक्तियों, मूल्यांकन और चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनाए रखने और सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के पूरी तरह से कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। आरटीआई अधिनियम 2005 की धारा 4 के अनुसार, नियुक्तियों और मूल्यांकन से संबंधित सभी अद्यतन सूचना कृ.वै.च.मं. की वेबसाइट (www.asrb.org.in) पर समय–समय पर उपलब्ध कराई जाती है।

प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मंडल ने सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित समय के अंतर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न अनुरोधों और अपीलों के प्रति संतोषजनक रूप से कार्रवाई की है। तद्नुसार मंडल ने उत्तरदायित्वपूर्ण 'जन प्राधिकरण' के रूप में इस संबंध में उचित कार्रवाई की है। मंडल ने दो केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी तथा एक अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया है ताकि सूचना प्राप्त करने वालों से प्राप्त होने वाले अनुरोधों पर क्रमबद्ध रूप से कार्रवाई की जा सके।

रिपोर्ट अवधि के दौरान मंडल में 224 मामले प्राप्त हुए जिनमें से मुख्यतः निम्नलिखित विषयों से संबंधित मामले हैं :

- विशेषज्ञों के नाम का खुलासा करने।
- छंटाई तथा साक्षात्कारों में प्राप्त किए गए अंक।
- सीधी भर्ती वाले पदों के लिए आवेदनों की छंटाई करने की क्रियाविधि।
- मूल्यांकन समिति द्वारा दिए गए अंक।
- विभिन्न परीक्षाओं में अन्य आवेदकों द्वारा प्राप्त किए गए अंक।
- उत्तर–पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया।
- परीक्षाओं के उत्तरों की कुंजी।
- उत्तर पुस्तिकाओं, ओएमआर शीट तथा प्रश्न–पत्रों की फोटोकॉपी।
- मंडल के पूर्व सक्रिय आदेशों/निर्णयों, सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 4 का मंडल में कार्यान्वयन करने।
- आउटसोर्स कार्यबल का विवरण प्राप्त करना।

कुल 224 मामलों में से सत्ताइस आवेदकों ने प्रथम अपील किए हैं। इन सभी मामलों को भी संबंधित व्यक्तियों की पूर्ण संतुष्टी से सफलतापूर्वक निपटाए गए तथा मंडल द्वारा उत्तर दे दिए गए। इनका सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है :

वर्ष 2019-20 के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अंतर्गत निपटाए गए मामलों का संक्षिप्त विवरण

खण्ड–I. (अनुरोध तथा अपीलों के बारे में विवरण)

	1.04.2019 को आदि शेष निर्णय	अन्य पीएएस से स्थानांतरित होकर आए मामले	वर्ष के दौरान प्राप्त अनुरोध (अन्य पीएएस को भेजे गए पत्रों सहित)	अन्य पीएएस यू/एस 6(3) के अंतर्गत हस्तांतरित मामलों की संख्या	निर्णय जहां अनुरोध/अपील को अस्वीकार किया गया	निर्णय जहां अनुरोध/अपील स्वीकार किया गया
अनुरोध	14	32	178	6	6	212
प्रथम अपील	0	लागू नहीं	27	लागू नहीं	3	24
		पदनामित सीएपीआईओ की कुल संख्या		पदनामित सीपीआईओ की कुल संख्या		पदनामित अपीलीय प्राधिकारियों की कुल संख्या
		–		2		1

खण्ड–II. (एकत्रित शुल्क, लगायी गई जुर्माना राशि तथा की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई)

एकत्र किया गया पंजीकरण शुल्क (रु.) धारा 7(1) के अंतर्गत	धारा 7(3) के अंतर्गत एकत्र किया गया अतिरिक्त शुल्क (रु.)	धारा 20(1) के अंतर्गत केन्द्रीय सूचना आयोग के निर्देशों के अनुसार वसूल की गई दंड राषि (रूपयों में)	धारा 20(2) के अंतर्गत अधिकारियों के विरुद्ध की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के मामलों की संख्या
1040/–	20/–	0	0

खण्ड–III. (धारा 8 के विभिन्न प्रावधानों के तहत मांगी गई सूचना देने से इन्कार करने संबंधी विवरण)

मंगी गई सूचना देने से मना करने के दौरान कितनी बार सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के विभिन्न प्रावधानों का सहारा लिया गया उसका विवरण													
धारा 8(1)											अन्य धाराएं		
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)	(एच)	(आई)	(जे)	(9)	(11)	(24)	अन्य
–	–	–	–	3	–	–	–	–	8	–	–	.	3

केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस)

इस अवधि के दौरान मंडल में 66 शिकायतें प्राप्त हुई, मुख्यतः परीक्षाओं के माध्यम से तकनीशियन (टी–1), तकनीकी सहायक (टी–3), आशुलिपिक ग्रेड–III, अवर श्रेणी लिपिक 2017, भर्ती के लिए सामान्य सूचना, सहायक परीक्षा–2014, नेट परीक्षाएं, एआरएस 2017 तथा वैज्ञानिकों के मूल्यांकन जैसे विभिन्न मुद्दों से संबंधित थीं। विभिन्न अनुरोधों पर मंडल ने कुशलतापूर्वक एवं संतोषजनक ढंग से कार्रवाई की है।



09

हिंदी (राजभाषा) की प्रगति

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल अपने कार्यालय में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा के वार्षिक कार्यक्रम 2019–20 में निर्धारित लक्ष्यों का पूरा करने के लिए हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध है। परिपत्रों, रिपोर्टों, प्रश्न पत्र तथा अन्य दस्तावेजों की द्विभाषी आवश्यकता को सुनिश्चित करने हेतु अधिनियम तथा नियमों के प्रावधानों का मंडल में पूर्ण निष्ठा से अनुपालन किया जाता है।

- मंडल में लगभग 98 प्रतिशत अधिकारियों एवं 100 प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी में प्रवीणता/कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है।
- कर्मचारियों को सहायक साहित्यिक सामग्री, जैसे कृषि शब्दावली, मानक पत्रों/मसौदों के हिंदी नमूने, सामान्य वाक्यांशों का हिन्दी समानार्थ वाक्य आदि भी उपलब्ध कराए गए हैं।
- परीक्षा नियमों, नोटिस, पाठ्यक्रम, उम्मीदवारों के लिए अनुदेश, प्रवेश प्रमाण–पत्र, टेस्ट बुकलेट, उत्तर पुस्तिका, प्रश्न–पत्र, आवेदन प्रपत्र, उपस्थिति सूची आदि का मुद्रण अंग्रेजी संस्करण के साथ–साथ हिंदी संस्करण में भी किया जाता है।
- इस अवधि के दौरान मंडल द्वारा जारी किए गए विज्ञापन 'रोजगार समाचार' सहित देश के अग्रणी समाचार–पत्रों में हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार करके प्रकाशित किए गए।
- कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल कार्यालय के सभी कम्प्यूटर कीबोर्ड देवनागरी में लिखे गए वर्णों के साथ उपलब्ध कराए गए हैं।
- प्रश्न कर्ताओं/अनुवादकों की सुविधा के लिए कृषि शिक्षा /अनुसंधान में प्रयोग होने वाले महत्वपूर्ण तकनीकी शब्दों के लिए अंग्रेजी–हिन्दी शब्दकोश तैयार किए गए हैं।
- कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल यह सुनिश्चित करता है कि उम्मीदवारों को प्रतियोगी परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में प्रश्नों के उत्तर हिंदी में देने हेतु हिंदी माध्यम को चुनने का विकल्प उपलब्ध हो।
- मंडल की वेबसाइट ww.asrb.org.in द्विभाषी (अंग्रेजी एवं हिन्दी) रूप में है।
- रिपोर्ट अवधि के दौरान मंडल ने परीक्षा सामग्री का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने में 2,31,900/–रु. व्यय किए।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकें

इस वर्ष के दौरान मंडल नें जून, सितम्बर, दिसम्बर–2019 तथा मार्च 2020 में चार तिमाही राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन किया। इन बैठकों में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई तथा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

दिनांक 31 मार्च 2020 को समाप्त तिमाही के लिए कृ.वै.च.मं. की राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट से ज्ञात होता है कि :

- धारा 3(3) के अंतर्गत राजभाषा कार्यान्वयन 100% है। इसी प्रकार, कृ.वै.च.मं. द्वारा 'क' एवं 'ख' क्षेत्र को भेजे गए उत्तर भी 100% हिंदी में हैं।
- हिंदी पत्राचार की स्थिति 'क' क्षेत्र के साथ 96.28%ए 'ख' क्षेत्र के साथ 100% तथा 'ग' क्षेत्र के साथ 93.98% था जबकि 'ग' क्षेत्र के लिए हिन्दी में पत्राचार का लक्ष्य 65% है।
- हिंदी में टिप्पण का समग्र निष्पादन 93.98% था जो निर्धारित लक्ष्य 75% से कहीं अधिक है।
- 31 दिसंबर, 2019 को समाप्त तिमाही की कृ.वै.च.मं. की तिमाही रिपोर्ट के आधार पर, सहायक निदेशक (राजभाषा), डेयर ने अपने पत्र संख्या 413–5/2018–हिंदी/13 दिनांक 28 जनवरी, 2020 द्वारा सूचित किया है कि अन्य कार्यालयों की तुलना में कृ.वै.च.मं. की राजभाषा प्रगति अनुकरणीय है।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का एक दृश्य

हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

वर्ष के दौरान कृ.वै.च.मं. द्वारा 11 सितंबर, 2019 से 24 सितम्बर 2019 तक 'राजभाषा हिंदी पखवाड़ा' मनाया गया। हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन 11 सितंबर 2019 को हुआ। इस अवसर पर संविदा कार्मिकों सहित मंडल के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं. ने अपने औपचारिक संबोधन में कहा कि हमें सभी भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए, लेकिन अपनी राजभाषा को नहीं भूलना चाहिए।

हिंदी पखवाड़ा के दौरान हिंदी के प्रयोग संबंधी विभिन्न पहलुओं पर निम्न पांच प्रतियोगिताएं, अर्थात, निबंध लेखन, शब्द परिचय, काव्य पाठ, चित्र आधारित लघु कथालेखन और टिप्पण प्रतियोगिता आयोजित की गईं जिनमें 56 स्थायी एवं 45 संविदा कार्मिकों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का विवरण निम्नानुसार है :

प्रतियोगिताओं का विवरण

प्रतियोगिताएं	तिथियां
निबंध लेखन	11.09.2019
शब्द परिचय	16.09.2019
काव्य पाठ	18.09.2019
चित्र आधारित लघु कथा लेखन	19.09.2019
टिप्पण लेखन	20.09.2019

